an>

Title :Need to declare the road from Bundelkhand and Vindhya areas of Madhya Pradesh to Allahabad as National Highway.

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्री जी का ध्यान आकृष्Âट कराना चाहता हूं, हालांकि उनके आने के बाद से राष्ट्रीय राजमार्गों की हालत पूरे देश में बेहतर हुई है, लेकिन दुर्भाग्य है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र से निकलने वाले राÂÂष्ट्रीय राजमार्ग - 75 जो नीवाड़ी से खजुराहो होते हुए पन्ना, सतना और सिंगरोली तक जाती है। यह राष्ÂÂट्रीय राजमार्ग अत्यंत खराब हालत में है, हालांकि इसका निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है, लेकिन ठेकेदार की गलती के कारण वह काम अभी तक शुरू नहीं हो पाया है, वह काम अधूरा पड़ा हुआ है। खजुराहो विश्व प्रसिद्ध जगह है और इस पर दो नेशनल पार्क पड़ते हैं, जिनमें से एक पन्ना नेशनल पार्क है और दूसरा व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर जो सतना जिले में है। यह राष्ÂÂट्रीय राजमार्ग बहुत व्यस्त रहता है, इसके बावजूद भी इसका निर्माण नहीं हो पाया है। मैं मांग करता हूं कि सतना शहर से होकर यह जो राष्ÂÂट्रीय राजमार्ग जा रहा है, इस पर रेलवे ब्रिज है, जो कि राष्ÂÂट्रीय राजमार्ग का है, वह पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जिसका नवनिर्माण किया जाना चाहिए।

दूसरा, इसके साथ ही जुड़ा हुआ है। दमोह, हटा से सतना होते हुए इसको इलाहाबाद, जो सिमरिया मार्ग से होकर जाता है, उसको राष्ÂÂट्रीय राजमार्ग घोÂिषत किया जाए ताकि दो राज्यों को इस राष्ÂÂट्रीय राजमार्ग से जोड़ने का काम किया जा सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।